आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><><>

1. मन की बात रेडियो कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता, संस्कृति, पर्यावरण और एकता का संदेश दिया। वन्देमातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने को देशभक्ति का प्रतीक बताया।
2. राष्ट्रपति ने कोविड नाइटीन और टी बी उन्मूलन में गाज़ियाबाद के यशोदा अस्पताल की भूमिका की प्रशंसा की।
3. समुद्री शक्ति और ब्लू इकनॉमी को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भारत समुद्री सप्ताह दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करेंगे।
4. अंडमान निकोबार में अगले दो दिन तटीय इलाकों में तेज हवाओं और भारी बारिश की आशंका। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के एक सौ सत्ताईसवें एपिसोड में देशवासियों से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। उन्होंने घरेलू उत्पादों की खरीद और खाद्य तेल की खपत में कमी के लिए लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में भारतीय समाजकी विविधता, एकता और विकास पर अपनी बात कही। उन्होंने छठ महापर्व को संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच गहरी एकता का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर –जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की भी सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। उन्होंने माओवादी आतंक से लोगों को मिल रही मुक्ति पर कहा–

माओवाद आतंक खात्मा प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के कचरा कैफे पर कहा कि वहाँ प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन दिया जाता है। यह एक अनूठा प्रयास है जो स्वच्छता और सामूहिक प्रयास की भावना को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने गुजरात में धोलेरा और कच्छ में मैंग्रोव वृक्षारोपण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि इन वृक्षों के कारण समुद्री पारिस्थितिकी में सुधार हुआ है, डॉल्फिन, क्रैब और प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती इक्तीस अक्टूबर को मनाई जाएगी। उन्होंने सभी से रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आग्रह किया। श्री मोदी ने ओडिशा की कोरापुट कॉफ़ी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि कोरापुट कॉफ़ी का स्वाद अद्भुत है और इसकी खेती से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ हो रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत – वंदे मातरम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देशभक्ति शब्दों से परे एक भावना है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पन्द्रह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आज़ादी और जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिए उनके कार्य अद्वितीय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत भाषा और युवा पीढ़ी द्वारा संस्कृत में किए जा रहे रोचक कार्यों का उल्लेख करते हुए संस्कृत में कन्टेन्ट बनाने वाले क्रियेटर्स

और क्रिकेटर यश सालुंके की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाषा किसी सभ्यता के मूल्यों और परंपराओं का वाहक होती है और युवा इसे पुनर्जीवित कर रहे हैं। उन्होंने यश का ऑडियो साझा करते हुए कहा कि उनके जैसे क्रियेटर्स की रीलस लोगों द्वारा बहुत पसन्द की जा रही है।

><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को कुआलालंपुर में आयोजित बाइसवें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि इकसवीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है। प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया और उसके प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सैंतालीसवें आसियान शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए बधाई दी।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और गुणवत्ता सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यशोदा अस्पताल द्वारा कोविड–19 महामारी और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में निभाई गई भूमिका की सराहना की।

<><><><><><><>

भारत की समुद्री शक्ति और ब्लू इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए मुंबई में 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में करेंगे। यह आयोजन भारतीय बंदरगाह संघ और बंदरगाह, जहाजरानी व जलमार्ग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। भारत समुद्री सप्ताह 2025' में 20 से

अधिक देशों के प्रतिनिधि और 200 से ज्यादा प्रदर्शक भाग लेंगे। यह आयोजन भारत को वैश्विक समुद्री केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक लॉग आइलैंड में तिरालीस मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में तैंतीस दशमलव चार, वायुसेना केन्द्र कारनिकोबार में दस दशमलव दो, कार निकोबार में आठ हटबे में आठ और ननकौड़ी में दो दशमलव छ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में भी तेज बारिश की चेतावनी दी गई है। आज और कल कई स्थानों पर भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मछुआरों को अगले तीन दिनों तक समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है।

<><><><><><><>